फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशी लाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुंदवा, देवगढ़ जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 70/2023**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 30.10.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से जरिये क्रमांकः– आरटीआई /2023/840–841 दिनांक 06.10.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री बंशी गुर्जर पिता लादुलाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुन्दवा, देवगढ़, जिला राजसमन्द हाल नि. एम्स हॉस्पीटल भोपाल, गेट नं. 03 मध्यप्रदेश 464993 को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कार्यालय हाजा से चाही गई सूचना तैयार की जाकर कार्यालय हाजा के पत्रांक 836 दिनांक 29.09.2023 द्वारा प्रार्थी को जरिये पंजीकृत डाक से प्रेषित कर दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना अपीलार्थी को कार्यालय के पत्रांक 836 दिनांक 29.09.2023 द्वारा प्रार्थी को जरिये पंजीकृत डाक से प्रेषित कर दी उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)